जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 60 | अंक-7 | जयपुर, सोमवार, 19 फरवरी, 2024 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय-हरियाणा-राजस्थान में त्रिपक्षीय एमओयू

## राजस्थान को मिलेगा उसके हिस्से का पूरा पानी - मुख्यमंत्री भजनलाल



**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की उपस्थिति में नई दिल्ली में एक त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। केन्द्र सरकार, हरियाणा सरकार और राजस्थान सरकार के बीच हुए इस एमओयू के तहत ताजेवाला से प्रवाह प्रणाली के क्रम में डीपीआर बनाने पर सहमति बनी। इस योजना के मूर्त रूप लेने के बाद राजस्थान को ताजेवाला हेड-वर्क्स से यमुना नदी का पानी मिल सकेगा और बारिश में व्यर्थ बह जाने वाले जल का भी समुचित उपयोग हो सकेगा। एमओयू के बाद, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रोजेक्ट में भूमिगत पाइपलाइनों के माध्यम से यमुना नदी का पानी राज्य के तीन जिलों सीकर, चूरू और झुंझुनू को उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना दोनों राज्यों के लिए हितकारी साबित होगी। इस समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा ध्यान न दिए जाने के कारण यह योजना काफी समय से लंबित थी। इसके धरातल पर उतरने के बाद राजस्थान को उसके हिस्से का पूरा पानी मिलेगा और शेखावाटी क्षेत्र के तीन जिलों सीकर, चूरू और झुंझुनू की पेयजल समस्या का समाधान हो सकेगा। उन्होंने राजस्थान के हित में इस एमओयू के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं जलशक्ति मंत्री का आभार प्रकट किया।

उल्लेखनीय है कि यमुना जल पर मई 1994 में संपादित समझौते के अनुसरण में राजस्थान को हरियाणा स्थित ताजेवाला हेड पर मानसून के दौरान 1917 क्यूसेक जल आवंटित है। वर्तमान में ताजेवाला हेड से राजस्थान को जल लाने हेतु कैरियर सिस्टम उपलब्ध नहीं है। राज्य द्वारा वर्ष 2003 में हरियाणा की नहरों को रिमॉडलिंग कर राजस्थान में उक्त जल लाए जाने हेतु व पुनः वर्ष 2017 में भूमिगत प्रवाह प्रणाली के माध्यम से जल लाने हेतु हरियाणा सरकार को एमओयू भेजा गया जिस पर हरियाणा राज्य की सहमति प्राप्त नहीं हो सकी थी। पिछले 30 वर्षों के दौरान राजस्थान द्वारा लगातार इस मुद्दे को अपर यमुना रिव्यू कमिटी व अन्य अंतराज्यीय बैठकों में निरंतर रखा गया। अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री शेखावत के सम्मिलित प्रयासों से शनिवार को ताजेवाला हेड पर आवंटित जल के राजस्थान में पेयजल उपयोग हेतु प्रथम चरण की संयुक्त रूप से डीपीआर बनाने हेतु एमओयू हुआ है। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी, राजस्थान के अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार तथा कमिश्नर एवं शासन सचिव जल संसाधन हरियाणा पंकज अग्रवाल द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।



## विराज फाउंडेशन के निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर में 256 से अधिक मरीज हुए लाभान्वित

**जयपुर (हमारा वतन)** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में सामोद स्थित श्रीमति बुगली देवी श्री कन्हैया लाल चौधरी उच्च माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर का मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच दिनेश चतुर्वेदी ने मां गायत्री की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। शिविर में एएसजी आई हॉस्पिटल से डॉ. मोहम्मद शाकिब, डॉ. रवि आनंद कौशिक, अनिल सिंह पवार, शिव आगीवाल, हरीश की टीम द्वारा 256 से अधिक रोगियों की निःशुल्क जांच व परामर्श देकर लाभान्वित किया। मरीजों को निः शुल्क दवाईयां भी वितरण की गई। इस दौरान संस्था प्रधान दीपेश दत्त जोशी ने बताया कि विराज फाउंडेशन द्वारा जनहित में किया जा रहा कार्य अनुकरणीय है। समाज को इसी प्रकार की समाज सेवी संस्थाओं की महती आवश्यकता है । शिविर में विराज फाउंडेशन की टीम के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे और सभी ने अपना सहयोग सुनिश्चित किया ।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी, प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, प्रदेश प्रचार प्रसार मंत्री चंद्र प्रकाश शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नारायण शर्मा, डॉ. एमके अग्रवाल, मानिकचंद कुमावत, रामलाल जाट, अशोक मीणा, रजनीश शेखावत, मंजू मीणा, सुमन शेरावत, सुनीता निठारवाल, प्रीति योगी, दीपक टेलर, चीनू शर्मा, कैलाश चंद्र कुमावत, संतोष कुमार जाट, गणेश नारायण जाट आदि लोग उपस्थित रहे ।



## रंगमंच कलाकार सुनील सोगण ने विदाई समारोह में जोकर बनकर किया मनोरंजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चौमूं के कक्षा 12 वीं विदाई समारोह में रंगमंच कलाकार सुनील सोगण ने जोकर बनकर विद्यार्थियों व अध्यापकगणों का मनोरंजन किया। सुनील सोगण ने मेरा नाम जोकर फिल्म के गानों पर प्रभावपूर्ण प्रस्तुति देकर खुशी के पल बांटे और जोकर के अभिनय से जीवन की सच्चाई को बताया। बेस्ट प्रस्तुति के लिए सुनील सोगण को विद्यालय की प्राचार्य सुमन शर्मा ने सम्मानित किया। प्राचार्य सुमन शर्मा ने सोगण की मेरा नाम जोकर प्रस्तुति की प्रशंसा की और शुभकामना दी । समस्त विद्यालय के स्टाफ व विद्यार्थियों ने सोगण की प्रस्तुति की सराहना की । विदाई समारोह में बच्चों ने फिल्मी व राजस्थानी गानों पर सुंदर प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर हीरालाल कुलदीप, सुरेश कुमार सैनी,श्रवण कुमार बुनकर, भरत सिंह, रमेश कुमार सैनी, केदारमल कुमावत, लक्ष्मी मीणा, बिंदु सैनी, सविता सैनी ,अंजू यादव, सरोजलता खंडेलवाल ,अनीता महरिया , कलावती चतुर्वेदी, रेणु बागोरिया, अंकिता कुमारी, कल्पना शेखावत, चंचल सैनी, स्नेहलता वर्मा, मीनू मित्तल, हिना रानी आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

## पूजा गाड़िया लोहार बनी झालावाड़ जिले की अध्यक्ष



**झालावाड़ (हमारा वतन)।** राजस्थान गाड़िया लोहार विकास समिति अजमेर राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सुखराम गाड़िया लोहार ने झालावाड़ निवासी पूजा गाड़िया लोहार को झालावाड़ जिले का अध्यक्ष बनाया है । प्रदेश अध्यक्ष सुखराम गाड़िया लोहार ने बताया कि पूजा द्वारा समाज के विकास में सक्रिय योगदान देने के कारण यह जिम्मेदारी सौंपी गई है ।आशा है समाज उत्थान में अपनी भागीदारी निभाएंगी।

## टीबा धाम स्थित साई बाबा-दुर्गा मंदिर का सातवां वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया, देर रात तक बही भजनों की रसधार






**जयपुर (हमारा वतन)।** ग्राम अणतपुरा-चिमनपुरा के टीबा धाम स्थित शिर्डी साई बाबा व दुर्गा माता मंदिर का सातवां वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ संपन्न हुआ । वार्षिकोत्सव में संत महात्माओं का सानिध्य प्राप्त हुआ । टीबा धाम के महंत रामप्रिय दास और उदयपुरिया मठ के नरसिंहपुरी महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि हर व्यक्ति को ईश्वर की आराधना करने का अधिकार है । इसके साथ ईश्वर के बताए गए सच्चाई, ईमानदारी व परहित के कार्य भी करते रहना चाहिए ।

सुबह दुर्गा मंदिर में सप्तशती के पाठ किए गए । पाठों के समापन पर सेवक श्रीराम शर्मा और अमित शर्मा (बली) के सानिध्य में महाआरती की गई और भंडारा आयोजित किया गया । इस दौरान दुर्गा माता और बाबा साई नाथ की कोलकाता के फूलों से मनोहारी झांकी सजाई गई । साथ ही संपूर्ण मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया । सेवक ने कहा कि वह मंदिर विकास को लेकर हर संभव प्रयास करते रहेंगे ।

शाम को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें सुपरस्टार गायक ममता वाजपेई, खेतड़ी से विजेंद्र भार्गव, नागौर से हरीश नागौरी, गोविंदगढ़ से राजू सेन और कालाडेरा से गोकुल आनंद ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। साथ ही दिल्ली से मनोहर झांकी वाले के द्वारा माता दुर्गा, बाबा साई नाथ, राधा कृष्ण और हनुमान जी की विशेष झांकियों का प्रदर्शन किया गया, जिसको देखकर उपस्थित श्रद्धालु भाव बोर होकर नाचने लगे ।

इस दौरान चौमूं विधायक डॉ.शिखा मील बराला, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, कांग्रेस प्रदेश सचिव डॉ. हनुमान बराला, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा, शिरडी से कपिल सिंह भाटी, सुनीता शर्मा, हिमांशु शर्मा , कुशाग्र शर्मा सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण लोग मौजूद रहे ।

# प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में हुआ हेल्दी बेबी कंपटीशन समारोह का आयोजन




**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के राधा स्वामी बाग स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में हेल्दी बेबी कंपटीशन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रिंस एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन कैलाश चौधरी ने सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम प्राचार्य ओपी पारीक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह के दौरान आए छोटे बालक एवं बालिकाओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शामिल सभी बालक एवं बालिकाओं द्वारा अलग-अलग सांस्कृतिक एवं खेल का आयोजन किया गया। छोटे बालक एवं बालिकाओं के साथ आयी माताओ के द्वारा भी खेल में भूमिका निभाई गई। छोटे बच्चों के द्वारा समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि अभिषेक का प्राचार्य ओपी पारीक के द्वारा स्वागत किया गया। प्राचार्य ओपी पारीक ने बच्चों के द्वारा दी गई प्रस्तुति की प्रशंसा की एवं आगामी दिवस पर आयोजित होने वाली फैंसी ड्रेस कंपटीशन के बारे में बच्चों एवं समस्त उपस्थित आगंतुकों को विषय में अवगत करवाया। कार्यक्रम में प्रिंस किड्स स्कूल के प्रिंसिपल दिनेश नागर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि कैलाश चौधरी द्वारा सभी बच्चों को सर्टिफिकेट एवं उपहार देकर किया गया। कार्यक्रम में प्रिंस एजुकेशन ग्रुप राधा स्वामी बाग के समस्त अध्यापक उपस्थित रहे। अभिभावकों एवं बच्चों को समस्त स्कूल का भ्रमण करवाया गया। सुरभि उनको सभी प्रकार की लैब एवं एक्टिविटी रूम साथ ही कक्षाओं का दौरा भी करवाया गया। अंत में उन्हें रिफ्रेशमेंट देकर विदा किया गया।



# सुरभि संगीत संस्था ने धूमधाम से मनाई बसंत पंचमी

**जयपुर (हमारा वतन)।** बसंत पंचमी के पावन पर्व के अवसर पर सर्वाधिक रुचि और उत्साह से यहाँ सार्वजनिक समारोह मनाया गया। सुरभि संगीत संस्था ने इस मौके पर एक भजन संध्या का आयोजन किया। जिसमें संस्था के 16 विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस संगीत समारोह में दिलीप भट्ट, हर्षित, आदिति, तियाना, यशस्वी, रश्मि ने गायन में और रिद्धिमा ने सितार पर, खुशि ने तबला पर और देशना ने हारमोनियम पर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर संस्था ने वरिष्ठ जनों के लिए 15 दिनों की निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन भी किया है। यह समारोह स्थानीय समुदाय के लोगों के बीच बड़े ही उत्साह और आनंद के साथ मनाया गया।



# संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव पर झूम उठे श्रोता

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ग्राम ईटावा भोपजी स्थित पूर्व मेजर राम सिंह के रावले में स्थित ज्वाला माता के मंदिर प्रांगण में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की मनोहारी झांकी सजाई गई। कथा का वाचन आचार्य जय गोपाल शास्त्री ने अपने मुखारविंद से किया। कथा वाचक ने आज भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव से संबंधित कथा सुनाई। सभी श्रोता भाव विभोर होकर नाचने लगे। कथा के दौरान साईं मंदिर के महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत, सुरेंद्र सिंह, तोफान सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे मौजूद रहे।

# बसंत पंचमी पर मनायी दया दृष्टि फाउंडेशन की दूसरी वर्षगांठ

**जयपुर (हमारा वतन)।** दया दृष्टि फाउंडेशन की दूसरी वर्षगांठ एवं बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर दया दृष्टि फाउंडेशन के सभी सदस्यों द्वारा मातृ - पितृ दिवस पर जयपुर की आराध्य देव गोविंद देव जी, काले हनुमान जी और मोती डूंगरी गणेश जी मंदिरों के दर्शन कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्था द्वारा करीब 200 से ज्यादा जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाया गया और वही भोजन स्वयं दया दृष्टि फाउंडेशन की टीम ने भी किया। भोजन में देसी घी का केसरी हलवा ,पूरी ,आलू छोले की सब्जी और मिनरल वाटर बॉटल्स की व्यवस्था की गई। अंत में संस्था निदेशक अलका चौधरी एवं शिखा शर्मा द्वारा सभी के द्वारा किए गए सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया।



इस दौरान संस्था के संरक्षक नटवरलाल शर्मा , पृथ्वीराज शर्मा ने सबका अभिवादन-स्वागत किया। इस कार्यक्रम में अनिल शर्मा , श्याम सुंदर शर्मा , शंकर गर्ग ,विनय सोखियां , आर के शर्मा ,एस एस राठौर, ब्रह्मजीत शर्मा ,ओम लता शर्मा , प्रभा शर्मा ,पुष्पा शर्मा, विजय लक्ष्मी शर्मा, डॉ. प्रतिभा शर्मा एवं राजेश चौधरी उपस्थित रहे।

## मां पन्नाधाय

जैसी जननी
हुई ना होगी
फिर इस
धरणी।
चंदन
हृदयस्थ टुकड़ा
लेटाकर उदय शय्या
आभासा नहीं
दुखड़ा।
राजवंश
रक्षा खातिर
निज सुत सौंपा
धूर्त बनवीर
शातिर।
किलेदार
आशा देवपुरा
भांजा बनकर राणा
युवराज बड़ा
हुआ।
त्याग
अमिट घटना
विश्व प्रसिद्ध स्वामीभक्ति
हुआ कुवंर
बचना।



**महेन्द्र सिंह कटारिया, नीमकाथाना, राजस्थान**

(गीत)

## हो जाए

हरारत हो गमों की भी
ये अक्सर खुशियाँ कहतीं हैं
सजल आँखों की चाहत है
उन्हें आराम हो जाए
कहने - कहाने को पैदा हुई दुनिया
गर हम जो कुछ कह दें...
तो हम बदनाम हो जाएँ
अश्कों के हवाले से...
बहुत जरूरी खबर है सुन
सभी आ साथ बैठें फिर
छलकता जाम हो जाए
अपनी बात रखने को
तूँ दिन पर दिन जो देता है
असल बात कह दूँ तो
धुंधली शाम हो जाए
मैं दुनिया और लोगों से
अत: आजिज हो आया हूँ
मुझे एकांत बख्शो सब
थोड़ा आराम हो जाए
किस्मत से गुजारिश
आखिरकार कर ही दी मैंने
इक इच्छा ये भी थी के
मेरा भी नाम हो जाए



**सिद्धार्थ गोरखपुरी**



## जनसेवक रविकांत शर्मा ने सफाई व्यवस्था को लेकर लिखा फतेहपुरा बांसा सरपंच को पत्र

**जयपुर (हमारा वतन)।** जनसेवक और 2018 के विधायक प्रत्याशी रविकांत शर्मा ने सफाई व्यवस्था को लेकर ग्राम पंचायत फतेहपुरा बांसा के सरपंच को पत्र लिखा है। पत्र में जन सेवक रविकांत शर्मा ने बताया कि पिछले काफी समय से नियमित साफ सफाई नहीं हो रही है, जिससे नालियां गंदगी से अटी पड़ी है। चारों तरफ कचरा ही कचरा नजर आता है। मौसम बदलने के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। गांव में देश-विदेश के कई सैलानी भी भ्रमण करने आते हैं। कचरा पड़ा होने से हमारे देश की छवि भी खराब होती है। पत्र में सफाई व्यवस्था और कीटनाशक का छिड़काव करने की मांग की है।




## प्रेमानंद महाराज से की भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने भेंट

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र जयपुर के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य वृंदावन में श्री हित प्रेमानंद गोविन्द शरण महाराज से भेंट कर कई धार्मिक बातों पर चर्चा की। पंडित रविन्द्राचार्य ने प्रेमानंद महाराज को बाबा श्याम का दुपट्टा, शाल, स्वयं द्वारा लिखित ज्योतिष सार संग्रह पुस्तक और रविंद्र हस्तरेखा पुस्तक भेंट की। महाराज ने जनकल्याण के लिए लोगों का मार्गदर्शन करने और राधा रानी की कृपा बनी रहने का आशीर्वाद दिया। वहीं प्रेमानंद महाराज ने भी पंडित रविन्द्राचार्य को उपहार स्वरूप श्रीजी की माला पहनाकर , शाल ओढाकर, राधा रानी का प्रसाद भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान अभिषेक गोस्वामी, बांके बिहारी मंदिर के पुजारी सुशील गोस्वामी, यज्ञाचार्य पंडित हरिओम महाराज, दीनदयाल गोस्वामी, सुमित स्वामी, अखिलेश स्वामी, सुनील दाधीच आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जॉब्स-

1. यूपीएससी, पद आईएएस-आईएफएस प्री , पद संख्या 1206 , अंतिम तिथि 5 मार्च 2024
2. राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर, पद जूनियर पर्सनल असिस्टेंट, पद संख्या 30, अंतिम तिथि 9 मार्च 2024
3. आरएसएमएसएसबी, पद जूनियर असिस्टेंट,क्लर्क ग्रेड 2 , पद संख्या 4197 , अंतिम तिथि 20 मार्च 2024
4. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद सिलेक्शन पोस्ट 12, पद संख्या घोषित नहीं, अंतिम तिथि 28 फरवरी 2024
5. डीएसएसएसबी, पद नर्सिंग ऑफिसर पैराकेमिस्ट व अन्य, पद संख्या 1896, अंतिम तिथि 8 मार्च 2024
6. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद टीजीटी संस्कृत एजुकेशन, पद संख्या 347, अंतिम तिथि 6 मार्च 2024
7. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद प्रोगामर, पद संख्या 216, अंतिम तिथि 1 मार्च 2024
8. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद व्याख्याता संस्कृत शिक्षा विभाग, पद संख्या 52, अंतिम तिथि 29 फरवरी 2024




## मार्च में हो सकती है पुलकित और कृति की शादी

## वेलेंटाइन डे पर फोटो शेयर कर लिखा- 'लेट्स मार्च टुगेदर हैंड इन हैंड'

बॉलीवुड कपल कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट मार्च में शादी कर सकते हैं। वेलेंटाइन डे पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कपल ने इसे लेकर हिंट दी है।

**इंस्टा पोस्ट से फैंस ने लगाया अंदाजा**-सोशल मीडिया पर पुलकित के साथ एक फोटो शेयर करते हुए कृति ने लिखा, 'लेट्स मार्च टुगेदर हैंड इन हैंड।' वहीं पुलकित ने भी एक फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'आई डू, आई डू, आई लव यू..!' दोनों के इन फोटोज और उनके कैप्शन से यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि कपल मार्च में शादी कर सकते हैं।




**जनवरी में कर चुके हैं इंगेजमेंट!**

चर्चा है कि कपल इससे पहले जनवरी में इंगेजमेंट कर चुकी है। जनवरी लास्ट में पुलकित की कजिन रिया लूथरा ने सोशल मीडिया पर कपल की कुछ तस्वीरें शेयर की थीं। इन तस्वीरों में पुलकित और कृति दोनों ट्रेडिशनल आउटफिट्स में इंगेजमेंट रिंग पहने नजर आ रहे थे। हालांकि, दोनों ने इस बारे में अब तक कोई बयान नहीं दिया।अब रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों मार्च में दिल्ली में शादी कर सकते हैं। पुलकित और कृति की मुलाकात फिल्म 'पागलपंती' के सेट पर हुई थी। दोनों साथ में 'वीरे की वेडिंग' और 'तैश' जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं।

**श्वेता रोहिरा से 11 महीने में अलग हो गए थे पुलकित**-पुलकित और कृति बीते 5 साल से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। साल 2019 से रिलेशनशिप में रहने के बाद दोनों पिछले कुछ सालों से लिव इन में हैं। इससे पहले पुलकित ने श्वेता रोहिरा से शादी की थी पर इस शादी के 11 महीने बाद ही दोनों अलग हो गए थे। वर्कफ्रंट पर पुलकित आखिरी बार फुकरे-3 में नजर आए थे। वहीं कृति की अगली फिल्म 'रिस्की रोमियो' है जो मई 2024 में रिलीज होगी।

## रश्मि देसाई ने पॉर्न स्टार वाले ऐड पर भड़ास निकालकर दी सफाई......



रश्मि देसाई का कहना है कि लोग फिल्म प्रमोट करने टीवी पर आते हैं लेकिन टीवी को हमेशा नीचा दिखाया जाता है। उन्होंने बताया कि ऐड देखकर रणवीर सिंह नहीं बल्कि कुछ और था जो ट्रिगर किया। रश्मि देसाई रणवीर सिंह और जॉनी सिन्स के रीसेंट ऐड पर भड़ास निकाल चुकी हैं। उनके कमेंट के बाद लोग चर्चा करने लगे कि रश्मि ने रणवीर सिंह पर कमेंट किया है। अब रश्मि देसाई ने इस पर सफाई दी है। उन्होंने बताया कि रणवीर सिंह नहीं बल्कि किस बात पर वह इतना भड़क गई थीं। रश्मि बोलीं कि टीवी पर वे लोग ये सब कभी नहीं दिखाते। बता दें कि पुरुषों के एक सेक्शुअल हेल्थकेयर ब्रांड का ऐड सुर्खियों में है। इसमें रणवीर सिंह भी हैं और थीम टीवी सीरियल जैसा लिया गया है।

**रणवीर नहीं बल्कि कॉन्टेंट से दिक्कत**-रणवीर के ऐड पर गुस्सा निकालने के बाद रश्मि देसाई वह बोलीं, वो सब रणवीर सिंह के लिए नहीं कहा था। मैं नहीं चाहती कि कुछ गड़बड़ हो। मेरे शब्द क्लीयर थे। रश्मि के मुताबिक, उन्हें रणवीर नहीं बल्कि इस ऐड के कॉन्टेंट और आइडिया ने ट्रिगर किया था।

**रश्मि को इसलिए आया गुस्सा**-रश्मि बोलीं, टीवी में हम कभी ऐसी चीजें नहीं दिखाते। लोग हमेशा छोटे पर्दे का मजाक उड़ाते हैं लेकिन वे अपनी मूवीज प्रमोट करने के लिए टीवी पर ही आते हैं। टीवी की रीच सबसे ज्यादा है लेकिन सबसे ज्यादा नीचा दिखाया जाता है। मुझे बुरा लगा क्योंकि मैं यहां काम करती रही हूं।

Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

# फैसला आपका क्योंकि जीवन है आपका

सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर रोक लगे भी काफी अरसा हो गया। बसों में सवारियां तो सवारियां, कंडक्टर, ड्राइवर तक धुएं के छल्ले उड़ाते मिल जाएंगे। कोई महिला हिम्मत कर मना करती भी है तो सवारियां मानो मौनव्रत पर हों। दरअसल तम्बाकू हमारे देश की सबसे भयावह स्वास्थ्य समस्या है। हर साल करीब आठ लाख मौतों की वजह तम्बाकू है और दुनियाभर में सिगरेट पीने वालों में से 12 फीसदी हमारे देश में हैं। इस पर केवल रोक लगाने या चेतावनियां लिखने से ही बात बनने वाली नहीं लगती। अगर हम स्मोकिंग की ही बात करें तो यह युवाओं में सबसे तेजी से उभरती आदत है। पहले शौक होता है, फिर आदत बन जाती है। सिगरेट कंपनियां भी हमारे युवाओं को बखूबी अपना निशाना बना रही हैं, क्योंकि हमारी पचास फीसदी आबादी 24 वर्ष से कम उम्र की है। इसलिए यह उनके कारोबार का फोकस है। यूनिवर्सिटी ऑफटेक्सास स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ की जून 2008 में 'एसोसिएशन बिटवीन टोबैको मार्केटिंग एंड यूज एमंग अर्बन यूथ इन इंडिया' शीर्षक से प्रकाशित रिसर्च के मुताबिक भारतीय बच्चों में धूम्रपान तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और छह वर्ष की आयु के बच्चे तक सिगरेट-बीड़ी के सुट्टे खींच रहे हैं।

**इनको क्या कहें**.. जो नासमझ हैं वे क्षमा योग्य हैं। लेकिन जो जानते हैं, उनको क्या कहें? दिल्ली के एक नामी कॉलेज में तीसरे वर्ष की छात्रा रीना का कहना है कि मैं जानती हूं सिगरेट पीने से कैंसर होता है पर यह तब होता है जब आप लम्बे समय तक इसका सेवन करते हैं। मैं 50 साल की उम्र तक पहुँचने से पहले सिगरेट पीना छोड़ दूंगी। हालांकि रीना अभी उन्नीस साल की है पर वह पिछले दो सालों से सिगरेट का कश लगा रही है।



**देर नहीं हुई, तुरंत छोड़ें** मुश्किल नहीं है कुछ भी अगर ठान लीजिए.. ये सिर्फ नसीहत नहीं बल्कि हकीकत है। सामान्यतः पहले लोग शौक में सिगरेट पीते हैं और यही शौक उनकी आदत बनते देर नहीं लगती । उनका मनोबल कमजोर होने लगता है। सिगरेट नहीं मिली तो वह बैचेन हो उठते हैं, उनका दिमाग काम नहीं करता है। उनकी तलब उन्हें कश लगाने के लिए अंदर से प्रेरित करती है। राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेन्टर, दिल्ली के सलाहकार डॉ.आर.रंगा राव कहते हैं- जब जागे तभी सवेरा।

इलाज के शुरुआती चौबीस घंटे के अंदर ही आपको इसका सकारात्मक असर दिखने लगेगा। दो दिनों के बाद से आप अंदर से शांति महसूस करेंगे। बात यहीं खत्म नहीं होती, सिगरेट छोड़ने से दिल का दौरा पड़ने की संभावना कम हो जाती है। आपका रक्तचाप सामान्य होता जाएगा। फेफड़े ठीक से काम करने लगेंगे। श्वास प्रक्रिया सामान्य होने लगेगी।

.. **नहीं बन पाएंगी माँ** कई शोधों के मुताबिक जो महिलाएं धूम्रपान ज्यादा करती हैं उनकी माँ बनने की संभावना कम हो जाती है। अमेरिका में चिकित्सक धूम्रपान करने वाली महिलाओं को गर्भनिरोधक का इस्तेमाल न करने की सलाह देते हैं। उनका मानना है कि चेन स्मोकर को गर्भनिरोधकों की कोई जरूरत नहीं होती। साथ ही ऐसी महिलाओं में गर्भपात होने और प्रीम्योर बेबी होने की संभावना बहुत अधिक होती है। ऐसी महिलाएं सेक्स का आंनद भी कम उठा पाती हैं। कई अध्ययनों में ये बात सामने आई है कि धूम्रपान करने का नुकसान महिलाओं को ज्यादा होता है।



# व्यायाम और सम्पूर्ण आहार से दूर रहेगी गठिया

बदलती जीवनशैली, मोटापा और खान-पान की गलत आदतों के कारण आर्थराइटिस यानी गठिया अब केवल बुजुर्गों तक ही सीमित नहीं रह गयी है, बल्कि युवा और बच्चे तक इस रोग की गिरफ्त में आ रहे हैं। जानें यह बीमारी हर उम्र के लोगों को अपनी चपेट में क्यों ले रही है और इससे बचाव का क्या उपाय हैं। आर्थराइटिस में जोड़ों में सूजन आ जाती है और तेज दर्द होता है। आर्थराइटिस से पीड़ित लोगों को अपनी दिन-प्रतिदिन की सामान्य गतिविधियों को करने में भी समस्या आती है। आर्थराइटिस के कारण जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है और कई लोगों को तो इस कारण विकलांगता का सामना करना पड़ता है।

**रिस्क फैक्टर्स** आर्थराइटिस कई कारणों के एक साथ आने के कारण होता है। इसमें आनुवंशिक और कई बाहरी कारण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं-'पहले की चोट', 'धूम्रपान', 'संक्रमण', 'मोटापा', 'बढ़ती उम्र' आदि।

**क्या हैं लक्षण** -अलग-अलग आर्थराइटिस के अलग-अलग लक्षण दिखाई देते हैं, लेकिन सभी प्रकार के आर्थराइटिस में कुछ सामान्य लक्षण दिखाई देते हैं-

जोड़ो में दर्द होना (खासकर सुबह के समय), जोड़ों में सूजन आ जाना और जलन होना, जोड़ों का कड़ा और कमजोर हो जाना, जोड़ों की कार्यप्रणाली प्रभावित होना, थकान, हल्का बुखार रहना, एनीमिया , सीढ़ियां चढ़ने-उतरने और अधिक दूर तक चलने में दर्द होना।

**आर्थराइटिस के अनेक रूप** आर्थराइटिस के 100 से भी अधिक रूप होते हैं, लेकिन कुछ प्रमुख हैं-

**रूमेटाइड आर्थराइटिस** रूमेटाइड आर्थराइटिस एक ऑटो इम्यून डिसीज है, जो मुख्य रूप से जोड़ों के आसपास के ऊतकों पर आक्रमण करता है। ऑटो इम्यून डिसीज उसे कहते हैं, जिसमें इम्यून तंत्र अपने ऊतकों को ही बाहरी आक्रमणकारी मानकर उन पर आक्रमण करने लगता है। यह रोग पूरे शरीर को प्रभावित कर सकता है। इस कारण लगातार सूजन रहती है और दर्द होता है, जो कभी-कभी गंभीर हो जाता है।

**जुवेनाइल रूमेटाइड आर्थराइटिस** यह 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करता है। सामान्य तौर पर आर्थराइटिस जोड़ों को प्रभावित करता है, लेकिन इसमें आंखें, त्वचा और गैस्ट्रोइन्टेस्टीनल ट्रैक्ट भी प्रभावित होता है। इसके अलावा कुछ अन्य आर्थराइटिस भी होते हैं।

**उपचार को जानें** उपचार इस बात पर निर्भर करता है कि आर्थराइटिस कौन सा है। पहले दवाओं से उपचार करने का प्रयास किया जाता है। यह सूजन को कम करता है।

**फिजियोथेरेपी** कई प्रकार के आर्थराइटिस में फिजियोथेरेपी बहुत कारगर होती है।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# क्या भारत बनेगा सॉफ्ट सुपरपावर

दुनिया में भारतीय संगीत की धमक तकरीबन हर देश की नई पीढ़ी पर छाए अमेरिकी संगीत जैसी तो नहीं है, लेकिन इस बार के ग्रैमी अवॉर्ड्स की तीन श्रेणियों में कुल पांच भारतीय संगीतकारों के नाम देखकर लगता है कि भारत की धुनें भी अब हर मिजाज के सुनने वालों को पसंद आने लगी हैं। पश्चिमी संगीतकारों की दिलचस्पी


राम गोपाल सैनी

भारतीय संगीत में काफी पहले से है, लेकिन संसार की विविध संगीत परंपराओं से जुड़े जनसामान्य तक उसकी गति बनाने में पं. रविशंकर, एआर रहमान और उस्ताद जाकिर हुसैन से लेकर शंकर महादेवन तक की अहम भूमिका रही है। सिनेमा की अहमियत- यह सही है कि पश्चिम की तरह भारत में स्वतंत्र संगीत एलबम उतनी बड़ी संख्या में नहीं बिकते। आम हिंदुस्तानी के लिए संगीत का मतलब एक अर्से से फिल्म संगीत ही बन गया है। लेकिन कुछ संगीतकार दोनों सांगीतिक धारणाओं के साझा दायरे में काम करते रहे हैं। राजघरानों का दौर बीत जाने के बाद भारत के शास्त्रीय संगीत के कुछ अहम पहलुओं को बचाए रखना इसके दम पर ही संभव हुआ है। बताना जरूरी है कि भारत के लिए सिनेमा का महत्व उतना ही नहीं है, जितना यह और देशों के लिए है। सतत बंटवारे के मारे हुए इस देश में सिनेमा की छवि हिंसा से भरी हुई होने के बावजूद यहां की मिली-जुली संस्कृति-परंपरा का कोई दुर्ग बचा है तो वह यही है।नब्बे के दशक में ग्लोबलाइजेशन पर मोहर लगने के साथ ही ऐसा माना जा रहा था कि भारतीय सिनेमा के लिए आने वाला समय अस्तित्व का संकट लेकर आ सकता है। यह अनुमान एक मायने में सही निकला कि हॉलिवुड की डब्ड फिल्में भारतीय फिल्मों को कड़ी टक्कर देने लगीं। लेकिन इसका दूसरा पहलू यह रहा कि भारत में उत्तर और दक्षिण की बाड़ेबंदी कमजोर पड़ी और हिंदी, तमिल, तेलुगू और जब-तब मलयाली फिल्म इंडस्ट्री के तत्व मिलाकर इक्कीसवीं सदी में पहली बार एक भारतीय मनोरंजन उद्योग आकार लेने लगा, जिसके चमत्कार अभी पूरी दुनिया देख रही है। बीच में आमिर खान की दो फिल्मों 'दंगल' और 'सीक्रेट सुपरस्टार' ने भारत की तुलना में चार या पांच गुना कमाई चीन में कर डाली तो हॉलिवुड में मुंबइया फिल्म इंडस्ट्री को एक बड़े खतरे की तरह देखा जाने लगा। लेकिन डोकलाम और फिर पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों के बीच तनाव पैदा होने के बाद से पूरब में ऐसे कमाल दिखने बंद हो गए हैं। फिर भी शायद ही कोई साल ऐसा गुजरता है, जब भारत की कोई न कोई फिल्म इस देश की सीमा के बाहर से पांच-सात करोड़ डॉलर बटोरकर नहीं लाती।अलबत्ता इस तरह की गौरवशाली गति भारत के टीवी सीरियलों और नए-नए उभरे ओटीटी प्लैटफॉर्म्स के प्रॉडक्शन में नहीं देखी जा रही है। भारत की सीमा के बाहर कभी-कभी थोड़ी-बहुत चर्चा यहां 1985 से 1995 के बीच में हुए ऐसे प्रॉडक्शंस को ही मिल पाती है। 'महाभारत', 'बुनियाद', 'हम लोग', 'नुक्कड़', 'देख भाई देख' और ऐसे ही कुछ और। यूं कहें कि ग्लोबलाइजेशन की सीधी मार भारत के जिस एक सांस्कृतिक दायरे पर सबसे ज्यादा पड़ी, वह यही है। इस क्षेत्र में अमेरिका को ब्रिटेन की ओर से लगातार अच्छी टक्कर मिलती रही, फिर कोरिया और तुर्की के सीरियलों का जिक्र दुनिया पर छाया रहा और अभी पाकिस्तान के सीरियलों को भी विश्वव्यापी प्रतिष्ठा मिल रही है।

**हर साल नई जमात-** क्या भारत के कलाकारों और संस्कृति कर्मियों में इतना दम है कि वे भारत को दुनिया की एक बड़ी सॉफ्ट पावर के रूप में स्थापित कर सकें? बेशक, कई चीजें उनके पक्ष में जाती हैं। अभिनेताओं, गायकों, अलग-अलग साजों में दखल रखने वालों और संगीतकारों की एक बड़ी जमात हर साल सामने आ रही है और पिछले डेढ़ दशक में हुए ग्लोबल मंदी के दो बड़े वाकयों से भी भारत के कला-संस्कृति के क्षेत्र में कोई बड़ी बेरोजगारी देखने को नहीं मिली।

# राजस्थान की स्कूलों में सूर्य नमस्कार के सामूहिक अभ्यास में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड



**जयपुर (हमारा वतन)।** सूर्य सप्तमी के अवसर पर राजस्थान के सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में गुरुवार को आयोजित सूर्य नमस्कार के सामूहिक अभ्यास कार्यक्रम में विद्यार्थियों सहित 1.33 करोड़ से अधिक लोगों ने अपनी भागीदारी निभाते हुए विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इस विश्व रिकॉर्ड को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन के राजस्थान एडिशन द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस विशिष्ट उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे सफल बनाने में सहभागिता निभाने वाले प्रदेश की स्कूलों के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों, संस्था प्रधानों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों का आभार जताया है। उन्होंने इस आयोजन के सुव्यवस्थित प्रबंधन में सजगता और जिम्मेदारी से भूमिका निभाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की पूरी टीम के प्रयासों की सराहना की है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को वर्ल्ड ऑफ वर्ल्ड बुक ऑफ-लंदन के वाइस प्रेसिडेंट-राजस्थान प्रथम भल्ला ने इस विश्व रिकॉर्ड का प्रोविजनल सर्टिफिकेट गुरुवार को इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में भेंट किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी, स्कूल शिक्षा विभाग की विशिष्ट शासन सचिव चित्रा गुप्ता, माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी और उप निदेशक शाला दर्पण तूलिका गर्ग सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने बताया कि पूरे प्रदेश के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों में गुरुवार को प्रातः 10.30 बजे से 11 बजे की अवधि में एक ही समय पर एक साथ सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया गया। इसमें 88 हजार 974 स्कूलों के एक करोड़ 14 लाख 69 हजार 914 विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार किया। वहीं विद्यार्थियों सहित कुल एक करोड़ 33 लाख 50 हजार 889 लोग इन आयोजनों में शामिल हुए।

# इनाया फाउंडेशन ने महिलाओं को दी मासिक धर्म के प्रति स्वच्छता की जानकारी




**जयपुर (हमारा वतन)।** इनाया फाउंडेशन और आरएचआई मेग्नेस्टा के द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को लगातार महात्मा गांधी हॉस्पिटल में इनाया फाउंडेशन द्वारा संचालित अमृत मिल्क बैंक में धात्री महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जा रही है। मासिक धर्म के प्रति स्वच्छता रखने एवं भ्रांतियाँ मिटाने के लिए यह जागरूकता पिछले 1 महीने से चलाई गयी है । मदर मिल्क बैंक में आने वाली महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन का इस्तेमाल करने के बारे में जानकारी दी जाती है । नर्स सुनीता सुपरवाइजर मदर मिल्क बैंक और सचिव इनाया फाउंडेशन नितिशा शर्मा द्वारा सभी को जागरूक किया जा रहा है और इसके साथ ही सेनेटरी नैपकिन का वितरण भी किया जा रहा है। आरएचआई मेग्नेस्टा और इनाया फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जागरूक करना है। यह पहल मार्च तक सुचारू रूप से चलती रहेगी ।

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
Monika Printers
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फ्लेक्स/विनायल ऑफसेट प्रिन्टिंग पोस्टर / पम्पलेट बिल-बुक लेटर हेड
शादी कार्ड सवामणी कार्ड स्क्रीन प्रिन्टिंग विजिटिंग कार्ड आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

# संत श्री भूरादास तपोस्थली पर मनाया संत रामचरण दास का जन्म दिवस



**चौमूं (हमारा वतन)।** सामोद ग्राम पंचायत के बंदोल, काली डूंगरी स्थित संत श्री भूरादास तपोस्थली सिद्धपीठ रामेश्वर महादेव में श्री देवनारायण जयंती की पूर्व संध्या पर संत रामचरण दास का 56वां जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया । तपोस्थली पर सैकड़ो की संख्या में पहुंचे भक्तजनों ने संत रामचरण दास का माला पहनाकर और शाल ओढाकर सम्मान किया । संत ने सभी भक्तजनों को आशीर्वाद दिया और कहा कि पुण्य की जड़ सदा हरी रहती है, हम सभी को पुण्य के कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए । इससे पहले संत श्री भूरादास की मनमोहक झांकी सजाई गयी । बाबा के धूने में भोग लगाया गया और सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की । इस दौरान सहायक प्रशासनिक अधिकारी शिक्षा विभाग गंगा सहाय माली,अरविंद भातरा, नीलकमल सैनी, राजू लाल माली, बाबूलाल सेन, महेंद्र कसाना, रामू कसाना, निर्मल पारीक, पूरण बाबा, बीएल भंडारी, मंजू अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, सुशील सेन, भंवर लाल तून्दवाल, मोहन सैनी, सुनील शर्मा, बाबूलाल योगी सहित कई लोग मौजूद रहे।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा